# राजकीय महाविद्यालय चम्बा हिमाचल प्रदेश

Accredited "B+" by NAAC

आरोह तमसो ज्योतिः

## वार्षिक प्रतिवेदन

**2016-2017**

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभावसर पर,
सेवा में प्रस्तुत

# श्री ठाकुर सिंह भरमौरी जी

माननीय वन एवं मत्स्य पालन मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार

प्रस्तुति

**12 अप्रैल, 2017**

प्राचार्य
प्रोफेसर सुमन बेदी

# वार्षिक प्रतिवेदन

मान्यवर,

राजकीय महाविद्यालय चम्बा के वार्षिक पारितोषिक समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री ठाकुर सिंह भरमौरी जी, उपस्थित अतिथिगण,पत्रकार बन्धु, सहयोगी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियो, आज के इस समारोह के शुभ अवसर पर मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से आपका हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ।

हम समारोह के मुख्यातिथि के अत्यन्त आभारी हैं जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर समारोह में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। यह हमारा परम सौभाग्य है कि आज हमारे मध्य एक ऐसे प्रतिष्ठित और विशिष्ट महानुभाव मुख्यातिथि के रूप में विराजमान हैं जो स्वयं कर्मठता,साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

श्री ठाकुर सिंह भरमौरी जी का जन्म 8 फरवरी 1947 को भरमौर के सुचूंई गांव में श्री नानक चन्द जी के घर में हुआ। आप एक कृषक,बागवान,राजनीतिज्ञ तथा सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

आप महाविद्यालय स्तर पर NCC के Warrant Officer रहे हैं। आप NSUI के Vice-President रहने के साथ-साथ 1974 में ग्राम पंचायत भरमौर के प्रधान,1976-81 तक B.D.C. के Chairman, 1970 में गद्दी संगठन के प्रधान, 1976 में हि0प्र0 युवा कांग्रेस के सह सचिव, 1977 में प्रदेश युवा कांग्रेस तथा पंचायती राज सैल के Convenor, 1980 में Tribal Advisory Council तथा जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य, 1981 में Pradesh Congress Nomadic Tribes Cell के Chairman तथा Rural Labour Fedration के Convenor रहे हैं।

आप वर्ष 1982,1985,1993 तथा 2003 में भरमौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। आप विभिन्न House Pannel के सदस्य रहे हैं जैसे कि Public Accounts, Subordinate Legislation, Welfare of SC and ST, Estimates and Petitions आप 1989-90 और 2005 में Chief Parliamentary Secretary तथा आप H.P Wool Federation के Chairman रहे हैं। आप वर्ष 2012 में पांचवीं बार भरमौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए तथा तब से आप वन एवं मत्स्य पालन मन्त्री के पद पर सुशोभित होकर चम्बा का मान बढ़ा रहे हैं।

हमें इस बात पर गर्व है कि आप इसी महाविद्यालय के होनहार छात्र रहे है। खेल तथा संगीत के प्रति आपकी रूचि सर्वविदित है।

आज के इस मांगलिक अवसर पर महाविद्यालय परिवार की और से पुनः आपका हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ। आपके द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने आप को सौभाग्यशाली समझेगें। मैं आशा करती हूँ कि आपसे प्रेरणा लेकर आपके गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का प्रयास भी करेंगे।

इससे पहले कि मैं सत्र 2016-2017 का वार्षिक प्रतिववेदन प्रस्तुत करू मैं आज के समारोह के मुख्यातिथि महोदय का तहेदिल से धन्यवाद करना चाहूंगी। जैसा कि सभी को ज्ञात है कि इस महाविद्यालय के पिछले वार्षिक पारितोषिक समारोह के मुख्यातिथि भी माननीय मंत्री महोदय ही थे। उस समय महोदय जी ने इस महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने हेतू आश्वासन दिया था। मुझे यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि आज के दिन तक सभी समस्याएं लगभग पूर्ण रूप से सुलझ चुकी है और वह भी बहुत कम समय में। यह मंत्री जी के प्रयासो से ही संभव हो पाया है। मंत्री जी ने प्रत्येक आश्वासन को अक्षरशः पूर्ण किया है जिसके लिए हमारे इस महाविद्यालय परिवार के पास धन्यवाद करने हेतू शब्द कम पड़ रहे है।

माननीय मंत्री महोदय जी द्वारा किए गए कार्यो का उल्लेख मैं जरूर करना चाहूंगी। महाविद्यालय में जो चारदीवारी का कार्य हुआ है वह महोदय जी के प्रयासो से ही संभव हो पाया है। इसके लिए मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। मैं माननीय मंत्री जी का फिर से शुक्रिया अदा करना चाहूंगी कि आपने पेयजल योजना हेतू लगभग 46 लाख रूपये की धनराशि उपलब्ध करवाई जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका हैं, केवल Filter Bed बनना शेष हैं जो कि कुछ ही समय में बन जाएंगे। तब इस महाविद्यालय के छात्रों को शुद्ध जल उपलब्ध हो जाएगा।

महाविद्यालय के छात्रों की सुविधा के लिए महाविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर वर्षाशालिका का निर्माण महोदय जी की कृपा से ही संभव हो पाया है। अब छात्रों को धूप और बारिश में बस की प्रतीक्षा करने में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए भी मैं आपका धन्यवाद करती हूं।

आज हम जिस मंच पर यह समारोह सुविधापूर्वक करवा रहे हैं, यह मंच भी महोदय जी की ही देन हैं। इसके लिए भी हम आपके प्रति बहुत आभारी है। भविष्य में भी हम माननीय मंत्री महोदय से इसी प्रकार के सहयोग की कामना करते है।

## Nacc Accredition

महोदय मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे महाविद्यालय की Nacc Accreditation सफलतापूर्वक अगस्त 2016 में हो गई है। Nacc Team ने हमारे महाविद्यालय को 2.62 SGPA के साथ B+ Grade दिया है। यह हमारे कर्मठ, परिश्रमी और निष्ठावान प्राध्यापकों के अथक प्रयासों व सहयोग से ही सम्भव हो पाया है। महोदय, मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि आगे हम इससे भी अच्छा Grade लाने की कोशिश करेंगें।

# महाविद्यालय में कार्यरत् प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों का विवरण

## प्राध्यापक वर्ग

महाविद्यालय में कार्यरत् प्राध्यापक सुयोग्य, परिश्रमी एवं अपने-अपने क्षेत्र में लब्धप्रतिष्ठ हैं। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित प्राध्यापकों के 46 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 21 प्राध्यापक नियमित रूप से कार्यरत् हैं। बारह प्राध्यापक अनुबन्ध आधार पर और 01 सहायता अनुदान राशि पर कार्यरत् हैं। प्राध्यापक वर्ग के 12 पद रिक्त हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:--

हिन्दी-01, राजनीति शास्त्र-02, रसायन शस्त्र-01, भू-विज्ञान-01 प्राणी विज्ञान-01, अर्थशास्त्र- 01, भौतिक विज्ञान-01 तथा टूर एवं ट्रैवलज-01 पद रिक्त है।

## कार्यालय कर्मचारी वर्ग

कार्यालय कर्मचारी वर्ग में कार्यालय अधीक्षक सहित 27 पद स्वीकृत है जिनमें से 24 पदों पर कर्मचारी कार्यरत् है। इस वर्ग में निम्नलिखित पद रिक्त है:-------

JLA—02

Peon—01

## विद्यार्थी संख्या

वर्तमान में महाविद्यालय में 3118 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं जिनमें से 1591 छात्र और 1527 छात्राएँ है। महाविद्यालय में 525 छात्र-छात्राएं अनुसूचित जाति, 777 छात्र-छात्राएं अनुसूचित जन-जाति तथा 64 छात्र-छात्राएं अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित है।

# Enrolment for the Session 2014-15 (Classwise & Categorywise)

| S.No. | Class | All Community | | | | | SC | | | | ST | | | | | OBC | | | P.H. | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Boys | %age | Girls | %age | Total | Boys | %age | Girls | %age | Boys | %age | Girls | %age | Boys | %age | Girls | %age | | |
| 1 | B.A. 2nd | 407 | 51 % | 391 | 49% | 798 | 78 | 9.77% | 75 | 9.40% | 103 | 12.91% | 99 | 12.41% | 17 | 2.13% | 02 | 0.25% | | |
| 2 | B.Com. 2nd | 65 | 62.5% | 39 | 37.50% | 104 | 12 | 11.54% | 04 | 3.85% | 17 | 16.35% | 12 | 11.54% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| 3 | B.SC. 2nd | 211 | 57.97% | 153 | 42.03% | 364 | 41 | 11.26% | 28 | 7.69% | 45 | 12.36% | 38 | 10.44% | 02 | .55% | 02 | 0.95% | | |
| 4 | B.A. 4th | 231 | 46.95% | 261 | 53.05% | 492 | 42 | 8.54% | 38 | 7.72% | 60 | 12.20% | 83 | 16.87% | 06 | 1.22% | 06 | 1.22% | | |
| 5 | B.Com. 4th | 40 | 62.50% | 24 | 37.50% | 64 | 07 | 10.94% | 08 | 12.50% | 19 | 29.69% | 04 | 6.25% | 01 | 1.56% | 00 | 0% | | |
| 6 | B.SC. 4th | 130 | 54.62% | 108 | 45.38% | 238 | 17 | 7.14% | 13 | 5.46% | 36 | 15.13% | 24 | 10.08% | 05 | 2.10% | 01 | 0.42% | | |
| 7 | B.A. 6th | 183 | 44.96% | 224 | 55.04% | 407 | 28 | 6.88% | 29 | 7.13% | 51 | 12.53% | 64 | 15.72% | 04 | .98% | 06 | 1.47% | | |
| 8 | B.Com. 6th | 34 | 48.57% | 36 | 51.43% | 70 | 08 | 11.43% | 05 | 7.14% | 10 | 14.29% | 07 | 10% | 00 | 0% | 01 | 1.43% | | |
| 9 | B.Sc. 6th | 103 | 52.82% | 92 | 47.18% | 195 | 22 | 11.28% | 09 | 4.62% | 26 | 13.33% | 18 | 9.23% | 00 | 0% | 03 | 1.54% | | |
| 10 | M.A. 2nd | 32 | 36.36% | 56 | 63.64% | 88 | 06 | 6.82% | 07 | 7.95% | 08 | 9.09% | 04 | 4.55% | 01 | 1.14% | 00 | 0% | | |
| 11 | M.A. 4th | 27 | 35.53% | 49 | 64.47% | 76 | 09 | 11.84% | 10 | 13.16% | 11 | 14.47% | 06 | 7.89% | 03 | 3.95% | 01 | 1.32% | | |
| | Total-I | 1463 | 50.52% | 1433 | 49.48% | 2896 | 270 | 9.32% | 226 | 7.80% | 386 | 13.33% | 359 | 12.40% | 39 | 1.35% | 22 | 0.76% | | |
| 12 | BBA- 2nd | 17 | 68% | 08 | 32% | 25 | 02 | 8% | 00 | 0% | 01 | 4% | 01 | 4% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| 13 | BBA-4th | 13 | 41.94% | 18 | 58.06% | 31 | 03 | 9.68% | 05 | 16.13% | 03 | 9.68% | 00 | 0% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| 14 | BBA-6th | 15 | 57.69% | 11 | 42.31% | 26 | 03 | 11.54% | 02 | 7.69% | 02 | 7.69% | 02 | 7.69% | 03 | 11.54% | 00 | 0% | | |
| 15 | BCA-2nd | 23 | 57.50% | 17 | 42.50% | 40 | 03 | 7.50% | 03 | 7.50% | 03 | 7.50% | 02 | 5% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| 16 | BCA- 4th | 24 | 72.73% | 09 | 27.27% | 33 | 03 | 9.09% | 00 | 0% | 04 | 12.12% | 02 | 6.06% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| 17 | BCA-6th | 23 | 73.89% | 13 | 36.11% | 36 | 02 | 5.56% | 00 | 0% | 08 | 22.22% | 02 | 5.56% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| 18 | PGDCA-2nd | 13 | 41.94% | 18 | 58.06% | 31 | 01 | 3.23% | 02 | 6.45% | 02 | 6.45% | 00 | 0% | 00 | 0% | 00 | 0% | | |
| | Total-II | 128 | 57.66% | 94 | 42.34% | 222 | 17 | 7.66% | 12 | 5.41% | 23 | 10.36% | 09 | 4.0% | 03 | 1.35% | 00 | 0% | | |
| | Gross Total (I+II) | 1591 | 51.3% | 1527 | 48.97% | 3118 | 287 | 9.20% | 238 | 7,63% | 409 | 13.12% | 368 | 11.80% | 42 | 1.35% | 22 | 0.71% | | |

# सत्र 2016-17 में घोषित परिणामों के नतीजे

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A. -III Sem. | Nov. - 15 | 407 | 360 | 61 | 287 | 12 | 0 |
| B.Sc. -III Sem. | Nov. - 15 | 211 | 174 | 55 | 106 | 13 | 0 |
| B.Com. -III Sem. | Nov. - 15 | 65 | 66 | 39 | 23 | 04 | 0 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A. -IV Sem. | Jun. - 16 | 412 | 386 | 48 | 314 | 24 | 0 |
| B.Sc. -IV Sem. | Jun. - 16 | 209 | 190 | 62 | 117 | 12 | 0 |
| B.Com. -IV Sem. | Jun. - 16 | 68 | 67 | 26 | 40 | 01 | 0 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A. -V Sem. | Nov. - 16 | 392 | 327 | 71 | 239 | 17 | 0 |
| B.Sc. - V Sem. | Nov. - 16 | 189 | 41 | 13 | 25 | 03 | 0 |
| B.Com. - V Sem. | Nov. - 16 | 68 | 63 | 37 | 26 | 00 | 0 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A. -VI Sem. | May - 16 | 301 | 274 | 62 | 203 | 09 | 0 |
| B.Sc. - VI Sem. | May - 16 | 185 | 179 | 54 | 118 | 07 | 0 |
| B.Com. - VI Sem. | May - 16 | 66 | 66 | 38 | 27 | 01 | 0 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.C.A. -III | Nov. - 15 | 37 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| B.C.A. -IV | Jun - 16 | 36 | 33 | 09 | 24 | 00 | 00 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.C.A. -I | Nov. - 15 | 37 | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 |
| B.C.A. -II | Jun. - 16 | 36 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.B.A. -III | Nov. - 15 | 27 | 26 | 07 | 16 | 03 | 00 |
| B.A.A -IV | Jun. - 16 | 26 | 26 | 01 | 23 | 02 | 00 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 6 to 7 | 7 to 8 | 8 to 9 | 9 to10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.B.A. -I | Nov. - 15 | 35 | 06 | 02 | 02 | 02 | 00 |
| B.A.A -II | Jun. - 16 | 33 | 22 | 16 | 05 | 01 | 00 |

| Class | Exams Held | Total Appeared | Total Declared | 50 to 60 | 60 to 70 | 70 to 80 | 80 to 90 | 90 to100 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PGDCA-I | Nov. - 15 | 22 | 21 | 00 | 04 | 16 | 01 | 00 |
| PGDCA -II | Jun. - 16 | 22 | 21 | 00 | 02 | 14 | 05 | 00 |

# सत्र 2016–2017 में घोषित परिणाम

**CBCS RUSA** के अन्तर्गत जो परिणाम 2016-2017 में घोषित हुए, उनमें जिन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया वे इस प्रकार से है-----

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.A. 3rd Sem | सुधा कुमारी | 8.46 | 1st |
| | उर्वशी | 8.44 | 2nd |
| | इन्दु बाला | 8.35 | 3rd |
| B.A. 4th Sem | सुधा कुमारी | 8.67 | 1st |
| | कनिका | 8.60 | 2nd |
| | हरेन्द्र कुमार | 8.60 | 3rd |
| B.A 5th Sem | सुधा कुमारी | 8.67 | 1st |
| | हरेन्द्र कुमार | 8.58 | 2nd |
| | निशा देवी | 8.5 | 3rd |
| B.A.6th Sem | सुनयना कौशल | 8.83 | 1st |
| | रेखा देवी | 8.53 | 2nd |
| | सुलक्षणा | 8.21 | 3rd |
| B.Sc. 3rd Sem | कोमल | 8.85 | 1st |
| | काजल ठाकुर | 8.54 | 2nd |
| | नेहा | 8.46 | 3rd |
| B.Sc. 4th Sem | कोमल | 8.88 | 1st |
| | रितिश कुमार | 8.70 | 2nd |
| | रिमझिम चन्द्रा | 8.35 | 3rd |
| B.Sc. 5th Sem | नेहा | 8.75 | 1st |
| | दीक्षा शर्मा | 8.39 | 2nd |
| | स्वाति अग्रवाल | 8.23 | 3rd |

| Class | Name | S.G.P.A | Position |
|---|---|---|---|
| B.Sc. 6th Sem | पंकज | 8.57 | 1st |
| | आकांक्षा | 8.24 | 2nd |
| | शबनम कुमारी | 8.18 | 3rd |
| B.Com 3rd Sem | सलोनी निखरा | 8.28 | 1st |
| | साक्षी जसवाल | 8.15 | 2nd |
| | सिमरनजीत कौर | 8.03 | 3rd |
| B.Com. 4th Sem | स्वाति | 8.30 | 1st |
| | सलोनी निखरा | 7.90 | 2nd |
| | साक्षी जसवाल | 7.90 | 2nd |
| B.Com 5th Sem | सलोनी निखरा | 7.9 | 1st |
| | साक्षी जसवाल | 7.9 | 1st |
| | सिमरनजीत कौर | 7.8 | 3rd 1 |
| B.Com 6th Sem | राजीव कुमार | 8.02 | 1st |
| | साल्वी ग्रोवर | 7.62 | 2nd |
| | शीतल ठाकुर | 7.06 | 3rd |
| **B.B.A Toppers** | | | |
| B.B.A 1st Sem | प्रतीक महाजन | 1st | |
| | कन्नवी चौधरी | 2nd | |
| | साक्षी ठाकुर | 3rd | |
| B.B.A 2nd Sem | प्रतीक महाजन | 1st | |
| | साक्षी ठाकुर | 2nd | |
| | कन्नवी चौधरी | 3rd | |
| B.B.A 3rd Sem | मुकुल कुकरेजा | 8.38 | 1st |
| | सोनाली कुमारी | 8.05 | 2nd |
| | नितिका ठाकुर | 7.78 | 3rd |
| B.B.A 4th Sem | सोनाली कुमारी | 8.90 | 1st |
| | मुकुल कुकरेजा | 8.40 | 2nd |
| | तान्या पाण्डे | 7.90 | 3rd |

| | | |
|---|---|---|
| B.B.A 5th & 6th Sem- | कीर्ति ठाकुर | 1st Topper |
| | नीरज ठाकुर | 2nd Topper |
| B.C.A 3rd Year — | अनिता देवी | 1st Topper |
| | अनिता देवी | 2nd Topper |

**B.C.A Toppers**

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.C.A 1st Sem | पंकज | 8.12 | 1st in Aggregate |
| | ओम प्रकाश | 7.96 | 2nd in Aggregate |
| | सोनिया कुकरेज़ा | 7.96 | 2nd in Aggregate |
| | कल्पना शर्मा | 7.07 | 3rd in Aggregate |
| B.C.A 2nd Sem | दीपिका ठाकुर | 7.73 | 1st in Aggregate |
| | ओम प्रकाश | 7.65 | 2nd in Aggregate |
| | सोनिया कुकरेजा | 7.96 | 3rd in Aggregate |
| B.C.A 3rd Sem | ओम प्रकाश | 7.77 | 1st in Aggregate |
| | पंकज कुमार | 7.69 | 2nd in Aggregate |
| | मनीषा | 7.58 | 3rd in Aggregate |
| | कल्पना | 7.58 | 3rd in Aggregate |
| B.C.A 4th Sem | कल्पना शर्मा | 7.73 | 1st in Aggregate |
| | मनीषा देवी | 7.67 | 2nd in Aggregate |
| | सोनिया कुकरेजा | 7.96 | 3rd in Aggregate |

**P.G.D.C.A Toppers**

| | | |
|---|---|---|
| 1st Sem | मोहित | 1st |
| | अभिनन्दिनी ठाकुर | 2nd |
| 2nd Sem | अभिनन्दिनी ठाकुर | 1st |
| | अंकिता | 2nd |

## राजनीतिक विज्ञान

**University Exam**

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | अरूणा देवी | 1st in Aggregate |
| | ईशा भारद्वाज | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | अरूणा देवी | 1st in Aggregate |
| | सुनीता कुमारी | 1st in Aggregate |
| | निशा | 2nd in Aggregate |

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 3rd Sem | दीपिका | 1st in Aggregate |
| | लोभी राम | 2nd in Aggregate |
| | शीतल कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | दीपिका सोनी | 1st in Aggregate |
| | पूजा कुमारी | 2nd in Aggregate |

## हिन्दी

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | मंजू कुमारी | 1st in Aggregate |
| | पल्लवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | मंजू कुमारी | 1st in Aggregate |
| | पल्लवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | भारती शर्मा | 1st in Aggregate |
| | नेहा मेहता | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | भारती शर्मा | 1st in Aggregate |
| | नेहा मेहता | 2nd in Aggregate |

## अंग्रेजी

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | राजमीत कौर | 1st in Aggregate |
| | तन्वी गुप्ता | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | राजमीत कौर | 1st in Aggregate |
| | तन्वी गुप्ता | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | पूजा पठानिया | 1st in Aggregate |
| | ऊषा देवी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | ऊषा देवी | 1st in Aggregate |
| | नरेश कुमार | 2nd in Aggregate |

## अर्थशास्त्र

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 1st Sem | आहुति | 1st in Aggregate |
| | परवीन | 2nd in Aggregate |
| M.A. 2nd Sem | आहुति | 1st in Aggregate |
| | टेक चन्द | 2nd in Aggregate |
| M.A. 3rd Sem | कुमारी पल्लवी | 1st in Aggregate |
| | सविता कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | भारती ठाकुर | 1st in Aggregate |
| | ज्योति सब्बरवाल | 2nd in Aggregate |
| | रजनी शर्मा | 2nd in Aggregate |

## इतिहास

| | | |
|---|---|---|
| M.A. 2nd Sem | खेमराज | 1st in Aggregate |
| | परवेज़ | 1st in Aggregate |
| | रीना देवी | 2nd in Aggregate |
| | आशा कुमारी | 2nd in Aggregate |
| M.A. 4th Sem | शालू देवी | 1st in Aggregate |
| | सुरेन्द्र कुमार | 1st in Aggregate |
| | नेहा | 2nd in Aggregate |
| | श्रीकान्त | 2nd in Aggregate |

## आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा

छात्रों की योग्यता का मूल्यांकन करने और अध्ययनशीलता को विकसित करने के लिए आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का बहुत महत्व है। इसी श्रृंखला में असिस्टैंट प्रो0 मनेष वर्मा की देख- रेख में RUSA व्यवस्था के अन्तर्गत B.A., B.Sc., B.Com. पहले, तीसरे, पाँचवें सत्र की Mid Term परीक्षा सितम्बर 2016 तथा दूसरे, चौथे व छठे सत्र की Mid Term परीक्षा मार्च 2017 में आयोजित की गई।

## मूल्यांकन केंद्र

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा इस महाविद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र भी बनाया गया है। इसमें तृतीय और पंचम सत्र की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इसमें बाहरी महाविद्यालयों के प्रध्यापकों ने भी अपनी सेवाएं दी।

## छात्रवृत्तियाँ

वर्तमान सत्र में 390 निर्धन, IRDP, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा ये छात्रवृत्तियाँ उनके बैंक खातो में जमा की जाएगी। अनुसूचित जाति वर्ग के 50 छात्र – छात्राओं को 2,34,038/-रू, IRDP वर्ग के 265 विद्यार्थियों को 3,19,200/-रू तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबधित 5 विद्यार्थियों को 29,244/-रू की छात्रवृत्तियां प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त इंदिरा गांधी उत्कृष्ट विद्यार्थी योजना के अन्तर्गत 2 छात्रो को 20,000/-रू व कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 54 छात्राओं को 8,10,000/-रू की छात्रवृत्तियां प्रदान की जाएंगी। इन छात्रवृत्तियों के आकलन का श्रेय समन्वयक सह प्राध्यापक श्री युगलकिशोर मरवाह व कमेटी सदस्यों सहायक प्राध्यापक श्री हाकम और सहायक प्राध्यापक श्रीमति शैली को जाता है।

## रूसा अनुदान

वर्तमान में रूसा के अन्तर्गत महाविद्यालय को 1,00,00,000/-रू की धनराशि प्राप्त हुई। इसमें 35,00,000/-रू की धनराशि **New Creation, 35,00,000/-**रू की धनराशि Renovation तथा 30,00,000/- रू की धनराशि New Equipments के खरीदने पर खर्च की गई।

* P.G. Block Academic भवन निर्माण के लिए पैसा PWD को जमा हो चुका है जिसका आरम्भ शीघ्र ही उनके द्वारा कर दिया जाएगा। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए बरामदों और गलियारों में इसी Grant के तहत उन्नत प्रकार के Safety Screen लगवाएँ गए हैं।
* कैन्टीन के बाहर वाले प्रांगण में कच्चे स्थान को Paving Tiles के माध्यम से पक्का करवाया गया।
* S.T Hostel मे जनजातीय छात्रों के लिए अतिरिक्त रहने की व्यवस्था भी की जा रही है। उसके लिए भी पैसा P.W.D में जमा हो चुका है। इसके अतिरिक्त इस छात्रावास में मरम्मत का कार्य Water Fitting and Electricity Wiring भी करवाई गई।

इन सभी कार्यो को सम्पन्न करवाने हेतू मैं लोक निर्माण विभाग की विशेष रूप से आभारी हूँ।

इसी आबंटन के अन्तर्गत दो अत्याधुनिक **Smart Class Rooms व Conference Hall** बनवाए गए। विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाओं में रूसा के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न उपकरणों को खरीद कर इन्हें उन्नत किया गया। इसी सत्र में दो डिजिटल फोटो कॉपिअर, दस कम्प्यूटर, पाँच **लेजर प्रिंटर,** पाँच कम्प्यूटर चेयर्ज, पाँच कम्प्यूटर टेबलज़, एक लैपटोप, बीस डिसप्ले बोर्ड तथा तीन नोटिसबोर्ड भी खरीदे गए।

ये समस्त कार्य RUSA Infrastructure Grant के तहत किए गए है।

## शारीरिक शिक्षा एवं खेल-कूद गतिविधियाँ

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का निर्माण होता हैं। लेकिन स्वस्थ शरीर शारीरिक शिक्षा के बिना संभव नही है। वास्तव में शारीरिक शिक्षा आम शिक्षा का वह अनिवार्य अंग है जो शारीरिक क्रियाओं द्वारा मानव के आचार-व्यवहार को सही दिशा देती है। परिणामस्वरूप खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य वृद्धि के साथ-साथ उनमें निर्भीकता, साहस, शौर्य, आत्म-विश्वास, पारस्परिक मेल-जोल तथा हार को जीत में बदलने की क्षमता पैदा होती है। इस संदर्भ के तहत शारीरिक शिक्षा विभाग की और से विद्यार्थियों में शारीरिक शक्ति, उर्जा सौष्ठवता, लचक, सहनशीलता, लय और गति उत्पन्न करने हेतू महाविद्यालय में एक व्यायामशाला स्थापित की गई है जिससे विद्यार्थियों में आदर्श जीवन मूल्यों के प्रति एकाग्र दृष्टि विकसित हो तथा वे पथभ्रमित न हों।

उपरोक्त विशेषताओं को महाविद्यालय के विद्यार्थियों में उत्पन्न करने के उद्देश्य से वर्ष 2016-2017 के सत्र में महाविद्यालय प्रशासन ने यहाँ पठन-पाठन कर रहे छात्रो को कई अवसर प्रदान किए तथा अनेक होनहार छात्रो ने सह प्राध्यापक सुनीता महाजन के नेतृत्व में खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने माता-पिता तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इसी क्रम में महाविद्यालय की B.Sc 6th Semester की कुमारी मेघणा राणा ने North Zone Inter University शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल यूनिवर्सिटी का नेतृत्व किया जो हिसार (हरियाणा) में सम्पन्न हुई।

महाविद्यालय के छात्र मुलख राज तथा सुरिन्द्र ने Indoor Stadium Dharamshalaमें संपन्न हुई National Tai Kwando Cup Competition में भाग लिया और अपने-अपने वर्ग मे Silver Medal जीते।

महाविद्यालय के छात्र Rakesh Kumar ने Senior National Power lifting Championship जो Jamshedpur (Tata Nagar) नगर में हुई, उसमें 59kg Weight Category में भाग लिया। इस छात्र ने Open State Power Lifting Championship जो Bawarna District Kangra में हुई, में Silver Medal जीता।

महाविद्यालय के छात्र टेक चन्द ने Senior National Power lifting Championship जो Kalapatta Tamil Nadu में हुई, उसमें भाग लिया। इस छात्र ने जयसिंहपुर में आयोजित Open State Power Lifting Championship में Silver Medal जीता ।

Hitesh Suri ने अन्तर महाविद्यालय एथलैटिक मीट जो हमीरपुर में हुई, High Jump events में Silver Medal जीता।

Open State Power Lifting Championship में महाविद्यालय के छात्र साहिल ने 53kg Weight Category में Gold Medal जीता और Bench Press Events में Bronze Medal जीता। छात्र राहुल अत्री ने 66 kg Weight Category में Silver Medal और छात्र अखिल वैद्य ने 74 kg Weight Category में Bronze Medal जीता।

महाविद्यालय के छात्र सुरिन्द्र ने HP University Inter College Tai Kwando-Championship में Bronze Medal जीता।

महाविद्यालय के छात्रो नें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता Govt. College Pangi में, बैडमिन्टन Govt. College Mandi में, Table Tennis Govt. College संजोली मे, Boxing Govt. College Saraswati Nagar Rohroo मे, Tai Kwando Govt. College Palampur, Athletics Govt. College हमीरपुर तथा Weight Lifting Govt. College Indora में हुई। वहाँ उनका प्रदर्शन अति प्रशंसनीय रहा।

महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता फरवरी में पुलिस मैदान चम्बा में आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसका उद्घाटन पुलिस अधीक्षक चम्बा श्री विरेन्द्र तोमर जी ने तथा समापन महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमति सुमन बेदी ने किया। इस प्रतियोगिता में कुमारी उमा को महिला वर्ग और हितेश सूरी को पुरूष वर्ग में बेस्ट एथलीट घोषित किया गया है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

सत्र 2016-2017 के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय युवा समारोह उत्सव प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ग में भाग लिया। युवा समारोह वर्ग प्रथम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय घुमारवी में आयोजित हुआ जहाँ सह प्राध्यापक डॉ0 मनेष वर्मा के निर्देशन में हमारे महाविद्यालय के तरूण कुमार तथा कुमारी काजल ठाकुर ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। अंतर महाविद्यालय युवा समारोह वर्ग द्वितीय का आयोजन राजकीय महाविद्यालय देहरी में हुआ। छात्रों ने सह प्राध्यापक डॉ0 विद्यासागर के निर्देशन में छात्रो ने सुगम संगीत-ए-गजल, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय संगीत, वाद्य-तबला, समूह गान, एकल गायन आदि की प्रस्तुति दी। इन सभी प्रस्तुतियों को श्रोताओं व मुख्य अतिथि महोदय ने खूब सराहा।

अंतर महाविद्यालय युवा वर्ग समारोह तृतीय का आयोजन राजकीय महाविद्यालय रामपुर में हुआ। सहायक प्राध्यापक भूपेन्द्र शर्मा के निर्देशन में हमारे छात्रो ने चुराही नाटी प्रस्तुत करके दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

अंतर महाविद्यालय युवा वर्ग समारोह चतुर्थ का आयोजन गौतम कन्या महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित हुआ। सह प्राध्यापक डॉ0 मोहिन्द्र सलारिया के निर्देशन में छात्रों ने One Act play, Skit, Mime और Mimicry मे भाग लिया। महाविद्यालय ने Skit में प्रथम स्थान हासिल किया और इस दल का चयन कानपुर विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय युवा उत्सव के लिए किया गया। इसी प्रतियोगिता में छात्र अरूण कुमार को हिमाचल के सर्वोत्तम कामेडियन पुरस्कार से नवाज़ा गया।

राजभाषा हिन्दी दिवस 2016 जो गेयटी थियेटर शिमला में आयोजित हुआ, इस महाविद्यालय की छात्राओं ने सहायक प्राध्यापक डा0 अजय के निर्देशन में इस आयोजन में भाग लिया। छात्रा कोमल ठाकुर तथा कीर्ति शर्मा ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## इरावती (वार्षिक पत्रिका)

छात्रो के स्वतन्त्र लेखन की मनोवृत्ति को उद्घाटित करने के लिए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देने हेतू महाविद्यालय की इरावती पत्रिका का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। इस पत्रिका के सम्पादन मण्डल का विवरण इस प्रकार है:--

संरक्षक प्रो0 सुमन बेदी मुख्य सम्पादक डॉ0 मनेष वर्मा

| अनुभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक |
|---|---|---|
| अंग्रेजी अनुभाग | श्रीमति पूर्णिमा शर्मा | कुमारी कल्पना |
| हिन्दी अनुभाग | डॉ0 आशु फुल्ल | कुमारी मंजु |
| संस्कृत | आचार्य रघुवीर शर्मा | रोहित ठाकुर |
| पहाड़ी अनुभाग | श्रीमति पूनम सभरवाल | कुमारी रिमझिम |
| योजना अनुभाग | श्रीमति बेबी | कुमारी आहुति |
| शारीरिक शिक्षा अनुभाग | श्रीमति सुनीता महाजन | अजय कुमार |
| विज्ञान अनुभाग | कुमारी सुमित | कुमारी नेहा |
| भूगोल अनुभाग | कुमारी प्रोमिला | आशीष ठाकुर |

## इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इकाई चम्बा)

वर्तमान में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सह प्राध्यापक लक्ष्मण सिंह पठानिया इस केन्द्र के कॉडिनेटर है। महाविद्यालय में इस केन्द्र की स्थापना 1990 में हुई तथा इस केन्द्र का कोड 1106 है। इस अध्ययन केन्द्र में लगभग 591 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। इस इकाई में वर्तमान में निम्नलिखित पाठ्यक्रम चलाए जा रहे है--

B.D.P. (Bachelor Degree Programme)

B.A, B.Sc, B.Com.

BPP (Bachelor Perperatory Programe)

B.T.S. (Bachelor of Tourism Studies)

(Three year degree courses) BCA, B.ED, BCW,

P.G. Courses:—— M.A,MBA,MCA,M.COM, M.ED, MEG, MAH, MHD, MSO, MARD,

Diploma in Courses Journalism, Nutrition and Health.

P.G. Diploma :— Foreign Trade, PGDJM, DNAM, PGDFT

इनके अतिरिक्त इस केन्द्र द्वारा कई सर्टिफिकेट कोर्स भी करवाए जा रहे है। इस अध्ययन केन्द्र का अपना पुस्तकालय है जिसमें 700 पुस्तकें हैं तथा इसका अपना परीक्षा केन्द्र है और वर्ष में दो बार जून व दिसम्बर माह में परीक्षाएं करवाई जाती है।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 20785 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में एक पुस्तक बैंक भी है जिससे IRDP परिवार से सम्बन्धित छात्र-छात्राओं को पुस्तकें आबंटित की जाती है। इस पुस्तक बैंक में 3826 पुस्तकें उपलब्ध है।

महाविद्यालय के पुस्तकालय में लगभग 10 समाचार पत्र तथा 20 मासिक त्रैमासिक व वार्षिक पत्रिकाएँ आती है। महाविद्यालय के पुस्तकालय को Computerised भी किया गया है। पुस्तकों की सूची को Soul Software में डाला गया है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्रों को समुचित अध्ययन की सुविधा देने हेतू एक वाचनालय की भी व्यवस्था की गई है।

इस सत्र में रूसा अनुदान के अन्तर्गत 614 विभिन्न विषयों की पुस्तकें पुस्तकालय के लिए मंगवाई गई है। 62 पुस्तकें योजना अधिकारी कार्यालय डिप्टी कमिश्नर चम्बा द्वारा और 04 पुस्तकें परियोजना अधिकारी उपायुक्त कार्यालय चम्बा द्वारा प्राप्त हुई है।

इस सत्र में M.A. 2nd Sem के सोम कुमार को छात्र वर्ग में, छठे सत्र की बबीता को छात्रा वर्ग में सर्वोत्तम पाठक घोषित किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

वर्तमान में महाविद्यालय में कार्यरत दो इकाईयों को प्रोग्राम ऑफिसर सह प्राध्यापक डॉ0 मोहिन्द्र सलारिया एवं सहायक प्राध्यापक प्रोमिला ठाकुर की देखरेख में चलाया जा रहा है। सत्र 2016-2017 के लिए 215 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया। मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को दो भागों में बांटा जाता है:- नियमित गतिविधियाँ और वार्षिक गतिविधियाँ। इस सत्र में आवश्यक सेवाएं हेतू महाविद्यालय से सटे चम्बी पंचायत का चुनाव किया गया। कक्षा पर आधारित जरूरी व्याख्यानों के उपरांत स्वयंसेवको द्वारा गोद ली गई पंचायत में आवश्यक सूचनाएँ एकत्रित करके विश्वविद्यालय को प्रेषित की गई। इसी श्रृंखला के तहत जिला प्रशासक के सौजन्य से ग्रीन वैली क्लीन वैली के साथ मिलकर ऐतिहासिक चम्बा चौगान के रख-रखाव में योगदान दिया गया। महाविद्यालय परिसर में "Don't Throw but Pick" पर आधारित थीम के तहत अध्ययनरत् छात्रो को प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय आनी (कुल्लू) में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के मैगा कैम्प में 9 स्वयंसेवकों ने सहायक प्राध्यापक प्रोमिला ठाकुर की अगुवाई में भाग लिया और इस कैम्प में स्वयंसेवक हेमराज का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ।

वार्षिक आयोजन के लिए पर्यावरण चेतना केंन्द्र साहो को चुना गया। सात दिवसीय दिन-रात के कैम्प में 100 स्वयंसेवकों ने प्रोग्राम अधिकारियों की देखरेख में श्रमदान के साथ अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यो में भाग लिया। इसी सत्र में राजीव गांधी राष्ट्रीय कौशल विकास केन्द्र चण्डीगढ़ के साथ मिलकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस कैम्प में मोती राम एवं दीक्षा बेहतर स्वयंसेवक और सुरेश एवं उमा Best Camper घोषित हुए। इस सत्र में 30 स्वयंसेवको ने रक्तदान किया।।

## नेशनल कैडेट कोर

महाविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर इकाई का संचालन सहायक प्राध्यापक संजीव द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सत्र 2016-2017 के लिए 58 कैडेटस चयनित किए गये। इनमें 16 छात्राएं और 22 छात्र है। वर्ष भर में आयोजित की गई इस इकाई की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है-

- मई माह में 16 कैडेटस ने CATC शिविर में भाग लिया जिसमें दो छात्राएं और चौदह छात्र सम्मिलित रहे।
- सितंबर माह में तेरह छात्र कैडेटस ने भारतीय थल सेना के साथ पंद्रह दिन का शिविर लगाकर सेना की जीवन शैली, रहन-सहन और गतिविधियों के बारे में जाना तथा भारतीय सेना के हथियारों के बारे में जानकर उन्हें चलाना सीखा।

- ❖ अक्तूबर माह में तीन कैडैटस ने रॉक क्लाइम्बिंग कैंप में भारतीय सेना के जवानों के साथ चट्टानों पर चढ़ना सीखा। यह शिविर गढ़वाल देहरादून में लगाया गया।
- ❖ दिसंबर माह में महाविद्यालय के तीन कैडेटस ने कालीकट केरला में आयोजित नेशनल इंटीग्रेशन शिविर में भाग लिया जहा छात्रों ने भारत के भिन्न-भिन्न राज्यों की संस्कृति के बारे में रोचक जानकारी प्राप्त की।
- ❖ फरवरी 2017 में सत्रह में से नौ कैडेटस को B श्रेणी प्रमाण पत्र मिला जिनमें सात छात्र और दो छात्राएं थी।
- ❖ फरवरी 2017 में तीन कैडेटस को C श्रेणी प्रमाण पत्र मिला जिनमें दो छात्र और एक छात्रा थी।

## केन्द्र छात्र परिषद्

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्र 2016-2017 के लिए छात्र परिषद् के नियमानुसार निम्न पदाधिकारी मेरिट के आधार पर चुने गए--

| | | |
|---|---|---|
| सोनाली कुमारी बी0 बी0 ए0 पंचम सत्र | ---- | अध्यक्ष |
| सुनयना एम0 ए0 प्रथम सत्र | ---- | उपाध्यक्ष |
| राजेश कुमार बी0 एस0 सी0 प्रथम सत्र | ----- | सचिव |
| विक्रान्त ठाकुर बी0 एस0 सी0 प्रथम सत्र | ----- | संयुक्त सचिव |

केन्द्रीय छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण समारोह 14 सितंबर को आयोजित किया गया जिसमें निर्वाचित समस्त सदस्यों को महाविद्यालय के सभागार में शपथ दिलवाई गई।

## अभिभावक-प्राध्यापक संघ

इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना हैं। वर्तमान सत्र में संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी है--

| | |
|---|---|
| मोहम्मद हाफिज वानी | अध्यक्ष |
| श्री दिनेश | उपाध्यक्ष |
| श्रीमती शहनाज खान | महासचिव |
| श्री इन्द्र सिंह ठाकुर (Supdt.) | सचिव |
| श्रीमती शकुन्तला बडोत्रा | कोषाध्यक्ष |

## Rover/ Ranger Unit

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्बा की Rover Unit और Range Unit अपने संरक्षक राज्य मुख्य आयुक्त और निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हि0 प्र0 के निर्देशानुसार कार्य करती है जो भारत स्काउट एवं गाइड का रूप है। वर्तमान सत्र में Rover Leader सहायक प्राध्यापक श्री भूपेन्द्र शर्मा, Ranger Leader सहायक प्राध्यापक कुमारी पल्लवी के नेतृत्व में 24 छात्र और 24 छात्राओं ने प्रवेश लिया। महाविद्यालय के Rovers/Ranger ने Unit Leaders की अगुवाई में विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया---

क) छः दिसंबर तथा ग्यारह मार्च 2016 को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के Rovers /Rangers ने Unit leader के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अनु कुमारी को Best Ranger तथा अविनाश शर्मा को Best Rover घोषित किया गया।

ख) नौ मार्च 2017 को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कैम्प भी लगाया गया।

## Self Financing Courses

महाविद्यालय में B.B.A, B.C.A., P.G.D.C.A. तीन स्वयंवित्त संचालित Professional Courses चलाए जा रहे है। प्रत्येक Course में 40 सीटें है। इनमें तीस Subsidies और दस Non Subsidies है।

| Name of Course | Coordinator |
|---|---|
| B.B.A | प्रो0 सुनीता महाजन |
| B.C.A | प्रो0 हेमन्त पाल ठाकुर |
| P.G.D.C.A | डॉ0 ज्योतेन्द्रा ठाकुर |

## अन्य गतिविधियाँ

- ❖ महाविद्यालय ने 3 अगस्त 2016 को छात्र-छात्राओं को U.G.C, CBCS RUSA System के बारे में अवगत करवाने के लिए Sensitization Programme का आयोजन किया गया।
- ❖ 14 सितम्बर 2016 को हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया जिसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई।
- ❖ 17 नवम्बर 2016 को नारी सशक्तिकरण पर हिमाचल प्रदेश महिला आयोग के सौजन्य से निबन्ध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताएँ करवाई गई जिसके अन्तर्गत 2500/-रू प्रथम पुरस्कार, 1500/-रू द्वितीय पुरस्कार तथा 800/-रू तृतीय पुरस्कार राशि का भी प्रावधान रहा।
- ❖ 25 दिसम्बर को महान गणितज्ञ श्रीरामानुजन श्रीनिवासन के जन्मदिन मनाने के उपलक्ष्य में गणित विभाग के सह प्राध्यापक डॉ0 ज्योतिंद्रा ठाकुर तथा सहायक प्राध्यापक डॉ0 तेज सिंह द्वारा Maths Olympiad का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। यह आयोजन विज्ञान तकनीकी एवं पर्यावरण विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से किया गया।
- ❖ भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक कुमारी प्रोमिला ठाकुर तथा सहायक प्राध्यापक श्रीमति शिवानी द्वारा पृथ्वी दिवस पर प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गई तथा 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निबंध लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- ❖ भूगोल विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का भी आयोजन किया गया जिसके तहत बी0ए0 और बी0एस0 सी के विद्यार्थियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर तथा बाघा बार्डर का भ्रमण किया।
- ❖ वनस्पति विभाग की सहायक प्राध्यापक पूनम सभरवाल तथा सहायक प्राध्यापक सुमित ने बी0एस0 सी द्वितीय सत्र के छात्र-छात्राओं के लिए चम्बा के आसपास के स्थलों के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न वनस्पतियों के बारे में जानकारी हासिल की।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

❖ प्रो0 डॉ0 विद्यासागर को राष्ट्रीय संगीत परिवार द्वारा आयोजित संगीत सम्मेलन व संगोष्ठि में संगीत कलानिधि सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित Sensitization Programme के तहत हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक संस्थान (HIPA) शिमला में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

❖ वनस्पति विभाग की प्रो0 पूनम नें पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठि में अपना प्रपत्र Some interesting Reports of Corticoid Fungi शीर्षक से प्रस्तुत किया।

❖ भौतिक विभाग के वर्तमान सत्र में प्राध्यापक डॉ0 हेमंत पाल ने हि0 प्र0 प्रशासनिक संस्थान शिमला में सात दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। इस वर्ष उनका शोध पत्र एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रपत्र में प्रकाशित हुआ। उन्होंने इस वर्ष विभागीय परीक्षा भी उत्तीर्ण की।

❖ भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रोमिला ने 21 दिन तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने 5 दिन तक चलने वाली एन0 एस0 एस0 कार्यशाला में भाग लिया जो साहो में हुई।

❖ पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग की प्रो0 नवेदु बंसल ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 27 एवं 28 नवंबर 2016 को चलने वाले दो दिवसीय सम्मेलन Vision 2030. Strategics वित Industries and Academia में भाग लिया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठि Engaged Governance and Women and Empowerment: Future Prospects में भाग लिया। इनके अतिरिक्त HIPA, Shimla में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम Gender Sensitization में भाग लिया।

❖ लोकप्रशासन विभाग के प्रो0 डा0 अजय ने चार दिवसीय Disaster Management training HIPA Shimla में तथा दो सप्ताह के Induction training Programme Govt. College for Teacher Education Dharamshala में भाग लिया। उन्होंने SVGCC Ghumarwin में एक Research Paper Governance Reforms in Higher Education प्रस्तुत किया।

❖ इतिहास विभाग के प्रो0 आशीष ने दो सप्ताह के Induction training Programme Govt. College for Teacher Education Dharamshala में भाग लिया।

❖ रसायन विभाग की प्रो0 रिचा शर्मा ने मई 2016 में आयोजित दो सप्ताह के Induction training Programme Govt. College for Teacher Education Dharamshala में भाग लिया।

❖ अर्थशास्त्र विभाग की प्रो0 पल्लवी बेरी ने मई 2016 में आयोजित दो सप्ताह के Induction training Programme Govt. College for Teacher Education Dharamshal में भाग लिया।

❖ भूगोल विभाग की प्रो0 शिवानी का Research article International Journal of Environmental Science में प्रकाशित हुआ।

❖ रसायनशास्त्र विभाग के प्रो0 विकास नाथन का शोध पत्र "Molecular Interaction Studies of Antibiotic Drug" नाम से "International Journal" में 2017 में प्रकाशित हुआ। इन्होंने इसी वर्ष में CSIR, JRF उत्तीर्ण किया तथा इनकी All India ranking 70 रही।

❖ महाविद्यालय के अधीक्षक श्री इन्द्रसिंह ठाकुर ने अक्तूबर 2016 में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की।

## सत्र 2016-2017 में महाविद्यालय में किए गए विकास कार्यों का संक्षिप्त विवरणः----

1. महाविद्यालय परिसर के एक ओर चारदीवारी और गेट का निर्माण करवाया गया।

2. कैंटिन की तरफ वाले कच्चे प्रांगण में Paving Tiles ड़लवा कर उसे पक्का करवाया गया।

3. महाविद्यालय के लिए बिजली का Transformer लगवाया गया।

4. महाविद्यालय के लिए पेयजल योजना का निर्माण करवाया गया।

5. महाविद्यालय भवन की सुरक्षा हेतू Safety Screen लगवाए गए।

6. महाविद्यालय में एक Conference Hall व दो अत्याधुनिक Smart Class Rooms स्थापित करवाए गए।

7. महाविद्यालय के Multi Purpose Hall में Stage का निर्माण करवाया गया।

8. महाविद्यालय में एक व्यायामशाला स्थापित की गई।

9. महाविद्यालय के लिए 1 फोटो स्टैट मशीन, 1 डुप्लीकेटर, 15 कम्प्यूटर-प्रिंटर, कम्प्यूटर Table- Chair, 20 Display Board और 3 बड़े Notice Board उपलब्ध करवाएं गए।

10. विभिन्न प्रयोगशालाओं में नए पाठ्यक्रम के अनुसार प्रयोगिक उपकरण भी उपलब्ध करवाएं गए।

11. 1.1 बीघा भूमि जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नाम थी तथा 4.4 बीघा जो वन भूमि थी, इसी सत्र में महाविद्यालय को हस्तांतरित हो चुकी है। यह कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से संभव हो पाया है। इसके लिए मैं विशेष रूप से जिलाधीश महोदय श्री सुदेश कुमार मोख्टा जी का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

12. इस सत्र मे इस महाविद्यालय में सत्र 2017-2018 से दो Trades में B. Voc Degree Programme शुरू करने की अनुमति मिल चुकी है।

## हमारी कुछ मांगे-

अन्त में मैं हमारे आज के मुख्यातिथि महोदय के ध्यानार्थ कुछ समस्याओं को लाना चाहती हूं जो हमारे लिए बेहद गंभीर हैं। मैं बताना चाहूंगी कि हमारे महाविद्यालय के नए भवन में हम केवल स्नातक स्तर की कक्षाएं चलाने में ही समर्थ है जबकि इसके अतिरिक्त पांच विषयों में चल रही स्नातकोत्तर कक्षाएं, तीन सैल्फ फाइनैंस कोर्सज एवं इग्नू सैंटर महाविद्यालय के आखंड चंडी स्थित पुराने भवन में ही चलाए जा रहे हैं। भवन की कमी के कारण B.Voc Degree Programme जो 2017-2018 से शुरू होने जा रहा है, वह भी महाविद्यालय के पुराने भवन में ही चलाया जाएगा।

महाविद्यालय के दोनों भवनों में दूरी के कारण महाविद्यालय प्रशासन को काम सुचारू रूप से चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय के छात्रों को भी कई सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है।

महोदय, दूसरी समस्या महाविद्यालय में शिक्षकों व गैर शिक्षकों के पदों को भरने व अतिरिक्त पदों के सृजन हेतू है। महोदय जी से प्रार्थना है कि इस मामले में उचित कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि महाविद्यालय की कार्यकुशलता, शैक्षणिक गुणवत्ता में और अधिक सुधार हो सके।

अगली समस्या दूसरी तरफ की चारदीवारी को लेकर है। महोदय जी की कृपा से महाविद्यालय भवन के एक तरफ की चारदीवारी का कार्य संपन्न हो चुका है। दूसरे तरफ की भूमि जो महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित थी, महाविद्यालय के नाम पर हस्तांतरित हो चुकी है। अतः मैं महोदय जी से गुजारिश करती हूं कि इस तरफ की चारदीवारी लगवाने का कार्य करवाने की भी कृपा करें। तभी इस महाविद्यालय को बाहरी शरारती तत्वों से निजात मिल पाएगी तथा शैक्षणिक माहौल दुरूस्त हो पाएगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह काम महोदय जी जरूर संपन्न करवाएगें।

मैं महोदय जी का ध्यान एक और समस्या की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं। इस महाविद्यालय के छात्रो के लिए एक S.T Hostel चल रहा है जहां 20 विद्यार्थी आवास कर रहे है। Hostel के रख-रखाव के लिए छात्रो से ली गई फीस के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है। अतः धन की कमी के कारण हमें इसके रख-रखाव में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। अतः महोदय जी से प्रार्थना है कि यदि हो सके तो हमें इसके लिए कुछ धनराशि मुहैया करवाने की कृपा करें।

महाविद्यालय को यह ज्ञात है कि माननीय मुख्यातिथि महोदय हमारी उपरोक्त समस्याओं का समाधान करने में पूर्ण रूप से सक्षम है। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हमारी इन सभी समस्याओं का निदान करके हमें व इस महाविद्यालय को कृतार्थ करेंगे।

अंत में मैं महाविद्यालय के विद्यार्थीगण और प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक वर्ग के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती हूं जिन्होने पूरे सत्र में इस महाविद्यालय के सुचारू संचालन में पूर्ण सहयोग दिया। मैं जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं संचार विभाग सहित समस्त विभागों का हार्दिक धन्यवाद करती हूं जिन्होंने इस महाविद्यालय की आवश्यकताओं के अनुरूप यथासमय पूर्ण सहयोग दिया। समाचारपत्रों के समस्त संवाददाताओं के प्रति भी आभार प्रकट करती हूं जिन्होंने समय-समय पर महाविद्यालय की गतिविधियों में रूचि लेकर अमूल्य सहयोग दिया। मैं अभिभावक- प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष श्री हाफिज वानी एवं अन्य सदस्यो के प्रति धन्यवाद करती हूं जिन्होंने पूरे सत्र में समय-समय पर अपना सहयोग दिया।

मैं पुनः माननीय महोदय जी का हार्दिक अभिनन्दन व धन्यवाद करती हूं जो अपना कीमती समय निकाल कर हमारे विद्यार्थियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान करके इनका उत्साहवर्द्धन करने के लिए हमारे बीच पधारे है।

धन्यवाद ।

**प्रोफेसर सुमन बेदी**
**प्राचार्य**